हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
Board of School Education Haryana, Bhiwani
(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)
(ISO 9001 : 2015 - Certified Organization)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

प्रेस नोट

No-BSEH/SR.SEC/2022 **DATE-12.12.2022**

NOTIFICATION NO.-01/2022

- **सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) की चैक लिस्ट 13 दिसम्बर से होगी लाईव-बोर्ड अध्यक्ष**

भिवानी, 12 दिसम्बर, 2022 : हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी की सैकेण्डरी/ सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) वार्षिक परीक्षा मार्च-2023 के विद्यालयी परीक्षार्थियों की चैक लिस्ट में शुद्धि करने के लिए 13 दिसम्बर से होगी लाईव।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ० वी.पी.यादव एवं सचिव श्री कृष्ण कुमार, ह.प्र.से. ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा संचालित सैकेण्डरी एवं सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) वार्षिक परीक्षा मार्च-2023 के लिए विद्यालयी परीक्षार्थियों की चैक लिस्ट विद्यालयों की लॉगिन आई०डी० पर 13 दिसम्बर से अपलोड की जा रही है। विद्यालय मुखिया, विद्यालयों को जारी किए गए लॉगिन आई०डी० व पासवर्ड से डाउनलोड कर सकते हैं।

इस सम्बन्ध में आगे जानकारी देते हुए बोर्ड अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से सम्बद्धता रखने वाले सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों के परीक्षार्थियों की चैक लिस्ट में दर्ज विवरणों जैसे फोटो, हस्ताक्षर, आधार नम्बर एवं लिंग(Gender) की शुद्धियाँ 13 दिसम्बर 2022 से 22 दिसम्बर 2022 तक नि:शुल्क ऑनलाईन ठीक कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि यदि विद्यालय द्वारा परीक्षार्थी/परीक्षार्थियों के अन्य विवरणों में शुद्धि करवाई जानी है तो विद्यालय मुखिया सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी शाखा में उपस्थित होकर कार्यालय कार्य दिवसों में साक्ष्यों सहित नियमानुसार शुद्धि शुल्क के साथ शुद्धि करवा सकते हैं।

उन्होंने आगे बताया कि यदि निर्धारित तिथि के बाद कोई विद्यालय शुद्धि करवाना चाहता है तो सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी शाखा में उपस्थित होकर 13 से 30 दिसम्बर, 2022 तक कार्यालय कार्य दिवसों में साक्ष्यों सहित नियमानुसार शुद्धि शुल्क के साथ शुद्धि करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त यदि परीक्षार्थी पहले लिए गए विषयों के स्थान पर प्रायोगिक विषय लेता है तो उस अवस्था में 100/-रू0 प्रायोगिक शुल्क प्रति परीक्षार्थी के हिसाब से देने होंगे।

हस्ता0
अध्यक्ष